राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र एक दिवसीय यात्रा पर राम–जन्म भूमि अयोध्या पहुंचे

श्री मिश्र ने राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र के साथ श्रीरामलला के दर्शन कर वहां पूजा–अर्चना की

भगवान श्री राम से सभी के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की

जयपुर/अयोध्या, 7 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र रविवार को राजकीय विमान से एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। वहां उन्होंने राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र के साथ नवनिर्मित राम मंदिर में श्री राम लला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि अयोध्या भगवान श्री राम की पावन जन्म भूमि है। यहां नवनिर्मित मंदिर में श्री रामलला के दर्शन कर आंनद की अनुभूति हुई है। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्था की भी सराहना की।